an>

Title: Need to allocate funds urgently for completing the construction of railway over bridge and railway under bridge near Rahuri station on Dound-Manmad railway line.

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) : माननीय अध्यक्ष जी, रेल मंत्री जी ने महाराष्ट्र और अहमदनगर के लिए बहुत स्कीम्स दी हैं और इसके कारण विकास की गति बढ़ी है। दौंड-मनमाड़ रेल लाइन के 40 नंबर गेट पर ऊपरी और भूमिगत पुल के लिए बजट में प्रावधान करना रह गया है, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि यह होना चाहिए।

दूसरा महत्वपूर्ण विषय किसानों का है। रेल लाइन के कारण किसान की खेती के दो हिस्से हो जाते हैं। अगर उसे नदी, कुएं या नहर में से पानी लेना होता है तो नीचे से होरिजेंटल बोर लेना पड़ता है। 1997 में सिर्फ 5000 रुपए रेल खाते में डिपोजिट करना पड़ता था जिसे अब बढ़ाकर 90,000 से एक लाख रुपए कर दिया गया है। 5000 रुपए नामिनल है, जबकि पैसा लेना ही नहीं चाहिए क्योंकि किसानों की खेती ऑलरेडी रेलवे ने ले ली है। मेरा सरकार और रेल मंत्रालय से आग्रह है कि कोई पैसा न लेते हुए उनको नीचे से होरिजेंटजल बोर करने की परमिशन दी जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री सी.पी. जोशी, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री सुधीर गुप्ता और श्री रोड़मल नागर को श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।